Title: Demand to provide financial assistance from the Sugar Development Fund to the sick sugar mills of Bihar and particularly Mithilanchal Area of Bihar.

डा. शकील अहमद (मधुबनी) : उपाध्यक्ष महोदय, इस सूचना के माध्यम से मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि उत्तर बिहार विशेषकर मिथिलांचल की जो चीनी मिलें हैं, जिनकी स्थिति बहुत ही खराब है, उनको भारत सरकार के शुगर डेवलपमेंट फंड से सहायता देकर उत्तर बिहार के मिथिलांचल की चीनी मिलों, ि वशेषकर रय्या, शकरी, लोहट के नवीकरण की व्यवस्था की जाए।

13.05 hrs. (Dr. Laxminarayan Pandey in the Chair)

पूरे उत्तर बिहार के गन्ना की खेती करने वाले किसानों की हालत खराब है। मोतिहारी, जगिया, मरहौरा, सुपौल, मोतीपुर, गुरौल चीनी मिलों की स्थिति खराब है। इसीलिए मैं मांग करता हूं कि भारत सरकार के शुगर डेवलपमेंट फंड से बिहार में सभी जगह जो चीनी मिलों की स्थिति खराब है, विशेषकर उत्तर बिहार में मिथिलांचल में, उनको फंड देकर उनके उत्थान के लिए काम किया जाए।

श्री रघुवंश प्रसाद सिंह : बिहार में १५ चीनी मिलें बंद हैं। उनको चालू कराने के लिए भारत सरकार हर संभव प्रयास करे।

... (व्यवधान)